राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

एफ.6.(1) परीक्षा/व0अ0/2016–17/ 1775 **दिनांक 08.01.2021**

–: प्रेस विज्ञप्ति :–

वरिष्ठ अध्यापक–सामाजिक विज्ञान (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा, 2016 के पूर्व घोषित परिणाम दिनांक 17.09.2018 के क्रम में अपात्र अभ्यर्थियों के कारण रिक्त रहें पदों के विरुद्ध जारी संशोधित परिणाम दिनांक 21.05.2019 में सफल रहे 124 अभ्यर्थियों में से कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा पात्रता के सम्बन्ध में वांछित विस्तृत आवेदन पत्र/दस्तावेज आयोग को अभी तक प्रस्तुत नहीं किये गए है जिनके अभाव में उनकी पात्रता निर्धारित नहीं की जा सकी है। इन अभ्यर्थियों की सूचना आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की गई है।

उक्त अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा पूर्व में भी स्पीड–पोस्ट, अंतिम नोटिस एवं SMS द्वारा सूचित किया जा चुका है। उक्त प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से इन अभ्यर्थियों को अब अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि वांछित विस्तृत आवेदन पत्र/दस्तावेज प्रेस–विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक से 05 दिवस की समयावधि में आवश्यक रूप से आयोग कार्यालय में व्यक्तिशः/डाक द्वारा जमा करा दें। निर्धारित समयावधि में वांछित विस्तृत आवेदन पत्र/दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने वाले अभ्यर्थियों का आयोग द्वारा उक्त परीक्षा में चयन निरस्त कर दिया जाएगा।

(शुभम् चौधरी)
सचिव